सं. एस-11031/01/2014-जल-।।

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

12वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003

दिनांक 26 नवम्बर, 2014

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव
ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी
आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडीशा, राजस्थान, तमिल नाडु और पश्चिमी बंगाल।

विषय : स्वच्छ भारत मिशन की सहायता हेतु विश्व बैंक की तकनीकी मूल्यांकन टीम का दौरा।

महोदय,

कृपया विश्व बैंक द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की सहायता हेतु 08 नवंबर, 2014 को आयोजित कार्यशाला का संदर्भ लें। आपके राज्य ने विश्व बैंक की स्वच्छ भारत मिशन की सहायता हेतु प्रारंभिक रूचि दिखाई है।

प्रत्येक राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं को समझने के लिए विश्व बैंक तकनीकी मूल्यांकन अध्ययन कर रहा है और इसके निष्कर्ष परियोजना की तैयारी में योगदान देंगे। यह परियोजना तेजी से चल रही है और संभवत: दिसंबर, 2014 तथा जनवरी, 2015 माह में परामर्शदाता आपके राज्य का दौरा करेंगे। कृपया संबद्ध अधिकारियों को अध्ययन करने में सहयोग दें।

सदस्यों के नाम सहित, टीम की विस्तृत समय-सारणी श्री मनीश कुमार, एसबीएम की सहायता हेतु टास्क टीम लीडर, विश्व बैंक द्वारा आपको सूचित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए आप सीधे mkumar@worldbank.org पर अथवा उनके दूरभाष संख्या +919650122599 पर संपर्क कर सकते हैं।

भवदीय,

(सुजॉय मजुमदार)
निदेशक, (एसबीएम-जी)

प्रति श्री मनीश कुमार, वरिष्ठ संस्थागत विशेषज्ञ, डब्ल्यूएसपी-एसए ईमेल- mkumar@worldbank.org